प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह 11 बजे देशभर के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा के तहत बातचीत की। इस दौरान देशभर के 36 विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री से सीधे संवाद किया। दूरदर्शन और आकाशवाणी सहित कई प्लेटफार्मों पर इसका सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बाजरा और सब्जियों के महत्व पर प्रकाश डाला है। प्रधानमंत्री ने छात्रों को परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता को दूर करने के तरीके बताए। उन्होंने पोषण और सेहत के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बीमारी न होना स्वस्थ होने के बराबर नहीं है। उन्होंने छात्रों को सुबह की धूप में समय बिताने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रधानमंत्री ने छात्रों को दबाव से निपटने के टिप्स भी दिए।

उन्होंने स्वीकार किया कि कम ग्रेड अक्सर घर पर तनावपूर्ण माहौल बनाते हैं। उन्होंने छात्रों को इस दबाव के बारे में तनाव लिए बिना तैयारी करने और खुद को चुनौती देते रहने की सलाह दी।

..............................................

सिकंदर

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में अब तक 16 हजार एक सौ 25 गांवों ने स्वयं को खुले में शौच मुक्त प्लस घोषित किया है। राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार द्वारा आज राज्यसभा में हिमाचल प्रदेश में खुले में शौच मुक्त प्लस मॉडल और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की प्रगति को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि स्वच्छता राज्य का विषय है और पेयजल व स्वच्छता विभाग राज्यों को वित्तीय व तकनीकी सहायता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन देश के ग्रामीण इलाकों सहित हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी चलाया जा रहा है। इस मिशन का दूसरा चरण 2020–21 से 2025–26 की अवधि के दौरान गांवो को ओ.डी.एफ. से ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल में परिवर्तित करने के लिए लागू किया जा रहा है।

..............................................

शोक

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर जिला के अन्तर्गत नादौन क्षेत्र के संजय पुरी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। 57 वर्षीय संजय पुरी का महाकुम्भ स्नान के दौरान देहांत हो गया। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान

करने की प्रार्थना की है। संजय पुरी अपने परिवार के साथ महाकुम्भ स्नान पर गए थे, जहां दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई।

.................................................

केवल–पठानिया

उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लोक लेखा समिति के सदस्यों के साथ पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़गवासला, का दौरा किया। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का भारतीय सेना में अभूतपूर्व योगदान रहा है और प्रदेश के युवा एनडीए में प्रशिक्षण लेकर देश की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने एनडीए के सूडान खंड, मनोज पांडे इंडिया स्क्वाड्रन सहित अन्य प्रतिष्ठित स्थलों का अवलोकन किया और प्रशिक्षु कैडेट्स से बातचीत की। केवल सिंह पठानिया ने हिमाचल प्रदेश के युवाओं को एनडीए जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में जाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कमांडेंट एडमिरल गुरचरण सिंह ने एनडीए के ऐतिहासिक महत्व व प्रशिक्षण प्रणाली के बारे में बताया।

.................................................

स्वच्छता अभियान

सोलन में आज से स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान शुरू हुआ जो एक मई तक चलेगा। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत लोगों को स्वच्छता के बारे जागरूक किया जाएगा। इस दौरान नगर निगम के सभी वार्डो में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को गीले व सूखे कूड़े के बारे भी जानकारी दी जाएगी। इस अभियान में व्यापार मंडल, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं सहित विभिन्न संस्थाओं को स्वच्छता बारे जागरूक किया गया।

.................................................

नेशनल गेम्स

देहरादून में चल रही 38वीं राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल प्रदेश की पुरूष वर्ग की नेटबाल टीम ने तीसरे स्थान पर कब्जा करते हुए हुए प्रदेश को कांस्य पदक दिलाया है। पहली बार नेटबाल खेल में हिमाचल प्रदेश ने यह कांस्य पदक जीता है। वहीं नेशनल गेम्स में प्रदेश की महिला हैंडबाल टीम खेल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। कल खेले गए अंतिम लीग मैच में हिमाचल ने राजस्थान को 42–14 गोल के अंतर से हराया।

.................................................